# अल्कोहल आधारित उद्योगों को आकर्षित करने के लिए नौ को इन्वेस्टर्स समिट

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ** : सरकार राज्य को अल्कोहल आधारित उत्पादों के निर्यात का बड़ा केंद्र बनाने की कोशिश में है, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को जल्द से जल्द एक ट्रिलियन डालर तक ले जाया जा सके। इसके लिए नौ जुलाई को अल्कोहल आधारित उद्योगों को आकर्षित करने के लिए लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से अल्कोहल से जुड़े उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देकर यूपी को उपभोग आधारित प्रदेश से निर्यात उन्मुखी प्रदेश की ओर ले जाने का काम सरकार करेगी।

इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के लिए गुरुवार को आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह की अध्यक्षता में निवेशकों के साथ वर्चुअल बैठक की गई, जिसमें देशभर से 85 निवेशकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक ले जाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर चर्चा के साथ ही प्रदेश से अल्कोहल आधारित उत्पादों का वैश्विक स्तर पर निर्यात किए जाने पर मंथन किया गया। राज्य में स्थानीय स्रोतों से उत्पादित वाइन व बीयर के प्रोत्साहन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने पर विचार विमर्श किया या। साथ ही अल्कोहल निर्माताओं को प्रदेश की मौजूदा नीतियों में उपलब्ध प्रोत्साहन-प्रविधानों के बारे में बताया गया। बैठक में अल्कोहल उद्योग से संबंधित एसोसिएशन, उद्यमियों के साथ ही संभावित निवेशक शामिल हुए। अपर आबकारी आयुक्त (प्रशासन), अपर आबकारी आयुक्त, (लाइसेंसिंग एवं औद्योगिक विकास) भी उपस्थित थे। वाइन एसोसिएशन, यूपीडीए, अल्कोहल एंड ब्रिवर एसोसिएशन, कन्फेडरेशन आफ इंडियन अल्कोहल ब्रिवरीज कंपनीज आदि के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए प्रभारी वरिष्ठ प्राविधिक अधिकारी मुख्यालय संदीप बिहारी मोडवेल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। किसी भी जानकारी के लिए लोग उनके मोबाइल नंबर 9415119107 पर संपर्क कर सकते हैं।

## ओडिशा के अधिकारियों ने समझी आबकारी नीति

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ** : प्रदेश में आबकारी प्रशासन की नीतियों से अब ओडिशा सरकार भी अपने यहां सुधार करेगी। इसके लिए गुरुवार को ओडिशा के अपर सचिव आबकारी देवाशीष पटनायक ने अपनी टीम के साथ प्रदेश के आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर आबकारी नीति व लाइसेंसिंग प्रणाली की जानकारी ली।